Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 18 जनवरी, 2022

दिल्ली की पहली इलेक्ट्रिक बस

राजधानी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में प्रदेश की पहली डीटीसी इलेक्ट्रिक बस की शुरुआत की है। इस संबंध में जारी सूचना के मुताबिक, दिल्ली परिवहन निगम (DTC) इस वर्ष अप्रैल माह तक तकरीबन 300 और नई इलेक्ट्रिक बसें खरीदेगा। हालाँकि दिल्ली सरकार का लक्ष्य राजधानी में कुल 2000 इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत करना है, जो कि प्रदेश में प्रदूषण का मुकाबला करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम हो सकता है। इलेक्ट्रिक बसें न्यूनतम 120 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी और प्रदेश में कुछ निश्चित स्थानों पर चार्जिंग पॉइंट की भी व्यवस्था की जाएगी। ध्यातव्य है कि इससे पूर्व बीते वर्ष दिसंबर माह में कर्नाटक ने सार्वजनिक परिवहन हेतु अपनी पहली इलेक्ट्रिक बस लॉन्च की थी। कर्नाटक राज्य की सड़कों पर इस समय 25 इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं। इन बसों में रीयल टाइम पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम (PIS), आपात स्थिति हेतु पैनिक बटन, ऑटोमेटिक बस व्हीकल लोकेशन सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, स्टॉप रिक्वेस्ट बटन आदि जैसी विशेषताएँ शामिल हैं।

'राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार'

हाल ही में नगालैंड के 'सोम' ज़िला प्रशासन को '**कोविड-19** के प्रबंधन में आईसीटी के उपयोग' संबंधी श्रेणी के तहत प्रतिष्ठित 'राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार-2020-21' प्रदान किया गया है। इस संबंध में जारी अधिसूचना के मुताबिक, 'सोम' ज़िला प्रशासन ने 'प्रशासन की सहायता में प्रौद्योगिकी' नामक पहल के तहत कोविड-19 महामारी के प्रबंधन और आम जनमानस की कठिनाई को कम करने हेतु व्यापक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग जैसी विभिन्न उभरती तकनीकों का उपयोग किया। इस व्यवस्था के तहत विभिन्न योजनाओं और पहलों के निर्माण व कार्यान्वयन के लिये क्षेत्रीय स्तर पर कई निजी कंपनियों एवं गैर-सरकारी संगठनों को शामिल किया गया। ज्ञात हो कि यह पुरस्कार हैदराबाद में आयोजित **ई-गवर्नेंस पर 24वें राष्ट्रीय सम्मेलन** में प्रदान किया गया। 'राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार' प्रतिवर्ष ई-गवर्नेंस पहल के कार्यान्वयन में उत्कृष्टता को पहचानने और बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदान किये जाते हैं। इस पुरस्कार में एक ट्रॉफी, एक प्रमाण पत्र और 1 लाख रुपए का नकद पुरस्कार शामिल है।

'इंडिया ओपन बैडमिंटन' टूर्नामेंट

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी 'लक्ष्य सेन' ने हाल ही में पुरुष एकल फाइनल में सिंगापुर के मौजूदा विश्व चैंपियन को हराकर 'इंडिया ओपन बैडमिंटन' टूर्नामेंट जीत लिया है। 20 वर्षीय खिलाड़ी 'लक्ष्य सेन' का 'विश्व बैडमिंटन संघ' दौरे पर यह पहला 'सुपर 500' खिताब है। उन्होंने इससे पहले वर्ष 2021 विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में श्रीकांत से हारकर कांस्य पदक जीता था। इंडिया ओपन एक वार्षिक बैडमिंटन प्रतियोगिता है, जो वर्ष 2008 से भारत में आयोजित की जा रही है और यह एक BWF वर्ल्ड टूर सुपर 500 ग्रेड अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का हिस्सा है।

छत्तीसगढ़ 'रोज़गार मिशन'

छत्तीसगढ़ सरकार ने आगामी पाँच वर्षों में राज्य में लगभग 15 लाख रोज़गार के अवसर पैदा करने हेतु मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में एक 'रोज़गार मिशन' स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस मिशन के तहत राज्य सरकार राज्य में रोज़गार के अवसर पैदा करने हेतु भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (IIIT), भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM) और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जैसे प्रमुख संस्थानों की विशेषज्ञता का भी लाभ उठाएगी। गौरतलब है कि **सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी** (CMIE) द्वारा वर्ष 2022 में जारी रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ में **बेरोज़गारी** दर 2.1% है। इस प्रकार छत्तीसगढ़ सबसे कम बेरोज़गारी दर वाले राज्यों में यह चौथे स्थान पर है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-18-january-2022